# University in News on 10 April 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 4

### लविवि के कुलपति ने की ऑनलाइन मीटिंग

# ऑनलाइन पेपर तैयार करने की कवायद शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने लॉकडाउन के बीच ही अपने मिड सेमेस्टर एग्जाम की तैयारी शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी डीन, परीक्षा नियंत्रक व अन्य अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग की। इसमें पेपर बनाने समेत अन्य तैयारियां पर चर्चा हुई।

कुलपति प्रो. राय ने विधि, कला एवं विज्ञान संकायों के अधिष्ठाताओं की एक कमेटी का गठन किया। जो मिड सेमेस्टर परीक्षाओं को संपन्न करवाने पर सुझाव देगी। वहीं, एक अन्य कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रो. अरविंद मोहन, प्रो. सीपी सिंह, प्रो. अनिल मिश्रा, डॉ. किरण लता डंगवाल तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. एके मिश्रा हैं। ये एक सप्ताह के अंदर प्रश्न पत्रों का निर्माण ऑनलाइन अथवा ऑफ लाइन कैसे किया जाए, इसके बारे में अपने सुझाव से अवगत कराएंगे।

प्रो. राय ने विभागाध्यक्षों से स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं के पाठ्यक्रमों के पूर्ण होने के बारे में जानकारी प्राप्त की। विभागों ने बताया कि स्नातक में करीब 60 फीसदी और परास्नातक में करीब 70 फीसदी पाठ्यक्रमों को पूरा कर लिया गया है। प्रैक्टिकल के विषय में बताया गया कि करीब 50-60 फीसदी पाठ्यक्रम पूरा हो गया है। सभी विभागाध्यक्षों से उन्होंने अलग-अलग पाठ्यक्रमों के पूरे होने के विषय में जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को ऑनलाइन क्लासेज और स्टडी मैटेरियल उपलब्ध कराने में और तेजी लाने को कहा।

उन्होंने सभी से लॉकडाउन के दौरान चलाए जा रहे कम्युनिटी किचन पर भी चर्चा की। इसमें प्रतिदिन एक हजार पैकेट खाना तैयार किया जा रहा है। वहीं, मनोविज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाइन छात्रों की समस्याओं से संबंधित काउंसलिंग के बारे में भी जानकारी ली। प्रो. राय ने सभी छात्रों से घर में रहने और पढ़ाई करने की अपील भी की।

## i-Next Page 4

# यूजी का 60 तो पीजी का 70 फीसद कोर्स पूरा

### एलयू वीसी ने की ऑनलाइन बैठक, मिड सेमेस्टर एग्जाम के लिए बनाई दो कमेटी

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



ऑनलाइन बैठक करते वीसी प्रो. आलोक कुमार राय.

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (9 April):** लॉकडाउन को देखते हुए लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को सभी एचओडी, कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की. इस दौरान मिड सेमेस्टर एग्जाम कराने के लिए दो कमेटियां भी बनाई गईं, जो मिड सेमेस्टर एग्जाम कराने के दिशा में अपनी रिपोर्ट देंगी.

### यूजी में 60 फीसद कोर्स पूरा

ऑनलाइन बैठक में विभागाध्यक्षों ने उन्हें बताया कि यूजी स्तर में करीब 60 फीसद और पीजी स्तर में करीब 70 फीसद कोर्स पूरा करया जा चुका है. प्रैक्टिकल का भी करीब 60 फीसद कोर्स पूरा कराया जा चुका है.

**दूसरी कमेटी एक सप्ताह में ऑनलाइन पेपर के निर्माण के साथ उनके मॉर्डनाइजेशन पर देगी रिपोर्ट.**

### दो कमेटियां बनाई गई

मिड सेमेस्टर एग्जाम के लिए दो कमेटियां बनाई गई हैं. जिसमें विधि, कला एवं विज्ञान विभाग के अधिष्ठाताओं की एक कमेटी बनाई गई है. ये कमेटी एग्जाम कैसे कराया जाए, इस पर रिपोर्ट देगी. वहीं दूसरी कमेटी एक सप्ताह के अंदर ऑनलाइन प्रश्नपत्रों के निर्माण के साथ उनके मॉर्डनाइजेशन पर अपनी रिपोर्ट देगी.

### इस तरह होंगे एग्जाम

वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि लॉकडाउन खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर एनुअल और 15 दिन की क्लास के बाद सेमेस्टर एग्जाम कराने की तैयारी है. हालांकि यह प्रदेश सरकार के निर्देशों पर निर्भर रहेगा. बैठक में वीसी ने बताया कि यूनिवर्सिटी लोगों की इस संकट की घड़ी में कैसे मदद कर रही है. शिक्षक ऑनलाइन क्लास का संचालन कर रहे हैं. वहीं हॉस्टल के कम्युनिटी किचन से डेली 1000 लंच पैकेट का वितरण जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है.

**मानव जनित गतिविधियों से होने वाला पॉल्यूशन बंद हो गया है, जिससे गोमा में पाए जाने वाले हैवी मैटल कम हुए है. लॉकडाउन से प्रकृति को खुद को रिवाइव करने का मौका मिला है. इस समय गोमती में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई है. प्रो. ध्रुवसेन सिंह, जियोलॉजी डिपार्टमेंट, एलयू**



## Dainik Jagran Page 4

# लविवि कुलपति ने ली ऑनलाइन बैठक

**जासं, लखनऊ :** लॉकडाउन को देखते हुए लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को सभी विभागाध्यक्षों, संकाय अध्यक्षों, कोर्स कोऑर्डिनेटरों सहित विवि के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। इस दौरान हालात पर चर्चा करने के साथ ही कुलपति ने मिड सेमेस्टर एग्जाम कराने को लेकर दो कमेटियां भी गठित कीं। यह कमेटी यूनिवर्सिटी में मिड सेमेस्टर एग्जाम को आयोजित कराने की दिशा में रिपोर्ट देगी।

बैठक में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी शिक्षकों को बताया कि लॉकडाउन के बाद एक अप्रैल को नवसृजित वेबसाइट की लॉन्चिंग राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की। दो अप्रैल को आयुर्वेद संकाय द्वारा स्वास्थ्यवर्धक जोशांदा निर्मित किया गया। इसी समय मनोविज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाइन छात्रों की समस्याओं से संबंधित काउंसिलिंग प्रारंभ की गई। 6 अप्रैल से लगातार समाज के विभिन्न निर्बल वर्ग के लिए लविवि के निवेदिता छात्रावास में कम्युनिटी किचन की शुरुआत की गई है। छात्र-छात्राओं को लविवि के वेबसाइट पर स्टडी मैटेरियल तथा ई-कंटेंट उपलब्ध कराया गया।

## Pioneer Page 4

# लविवि: मिड सेमेस्टर एक्जाम को लेकर दो कमेटियां गठित

लखनऊ। कोरोनावायरस के चलते लागू लाख डाउन को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने गुरुवार को सभी विभागाध्यक्षों संकाय अध्यक्षों, कोर्स कोआर्डिनेटरों सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक के दौरान हालात पर चर्चा करने के साथ ही कुलपति ने मिड सेमेस्टर एग्जाम कराने को लेकर दो कमेटियां भी गठित की। यह कमेटी विश्वविद्यालय में मिड सेमेस्टर एक्जाम को आयोजित कराने की दिशा में रिपोर्ट देगी। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सभी शिक्षकों को बताया कि लॉक डाउन से पूर्व 18 मार्च को लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने एक सेनेटाइजर का निर्माण किया था। तत्पश्चात लॉक डाउन के बाद एक अप्रैल को नवसृजित वेबसाइट की लॉचिंग राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने की। इसके बाद 2 अप्रैल को आयुर्वेद संकाय द्वारा स्वास्थ्यवर्धक जोशांदा निर्मित किया गया। इसी समय मनोविज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाइन छात्रों की समस्याओं से संबंधित काउंसलिंग प्रारंभ की गयी। 06 अप्रैल से लगातार समाज के विभिन्न निर्बल वर्ग हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता छात्रावास में कम्युनिटी किचन का प्रारंभ किया गयाए जहां से प्रतिदिन 1000 भोजन पैकेट का वितरण जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाता है। छात्र.छात्राओं को लखनऊ विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर स्टडी मैटेरियल तथा ई.कंटेंट उपलब्ध कराया गया। कुछ शिक्षकों ने ऑनलाइन ओपीडी भी चलाई। कुछ शिक्षकों ने सुविधानुसार ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन भी किया। ऑनलाइन बैठक के दौरान विभागाध्यक्षों ने कुलपति को स्नातक एवं परास्नातक स्तर के कोर्सेज के पूरा होने के बारे में जानकारी दी।

## NBT Page 4

# ऑनलाइन क्लासेज में यूजी-पीजी का 60 से 70 फीसदी कोर्स पूरा

### एलयू के वीसी का ऑनलाइन बैठक में दावा

**एनबीटी, लखनऊः** एलयू की ऑनलाइन क्लासेज में यूजी और पीजी के लगभग 60 से 70 फीसदी कोर्स पूरे हो चुके हैं। यह दावा गुरुवार को हुई ऑनलाइन बैठक में एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। बैठक में कुलपति ने मिड सेमेस्टर एग्जाम करवाने को लेकर दो कमिटियां भी गठित की।

बैठक में सभी विभागाध्यक्षों से कुलपति ने सिलेबस के पूरा होने की जानकारी ली। इस दौरान कुलपति ने मिड सेमेस्टर परीक्षाओं संग सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए दो कमिटियां गठित की। इसमें विधि, कला व विज्ञान संकायों के डीन की एक कमिटी बनाई, जो मिड-सेमेस्टर परीक्षाओं को कैसे सम्पन्न करवाया जाए।

## HINDUSTAN Page 6

### लखनऊ विवि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लॉकडाउन खत्म होने के एक सप्ताह के भीतर लखनऊ विश्वविद्यालय अपने वार्षिक परीक्षाएं और 15 दिन की क्लासेज के बाद सेमेस्टर परीक्षाएं कराने की तैयारी में हैं। हालांकि, यह सब प्रदेश सरकार के निर्देशों पर निर्भर करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की गुरुवार को हुई बैठक में इस पर मंथन किया गया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें, विभिन्न संकाय अध्यक्ष, विभागों के अध्यक्ष, विभिन्न संस्थानों के निदेशक, कोर्स समन्वयक, कुलसचिव तथा परीक्षा नियंत्रक सम्मिलित थे। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विभागों की ओर से 15 दिन क्लासेज के बाद सेमेस्टर परीक्षा कराने पर सहमति जताई गई है।